भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1095
सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा

†1095. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा राज्य सहित देश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य सरकार द्वारा इन निधियों का कितना उपयोग किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ) पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। वर्तमान में जारी अपने कार्यकलापों के भाग के रूप में ग्रामीण पर्यटन का संवर्धन भी किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया संवर्धनों के माध्यम भी से विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और ग्रामीण पर्यटन उत्पादों का नियमित रूप से संवर्धन करता है।

देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावना को पहचानते हुए पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप तथा होमस्टे के संवर्धन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है।

ग्रामीण पर्यटन गांवों में प्रचलित सर्वोत्तम कार्यपद्धतियों की पहचान करने के लिए मंत्रालय ने वर्ष 2023 में सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता का आयोजन किया। ओडिशा के विरासत शिल्प गांव रघुराजपुर को रजत श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव 2023 के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण परिपथ को अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया है।

मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन गंतव्यों सहित विभिन्न गंतव्यों में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को केन्द्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान की गई है। यह केन्द्रीय वित्तीय सहायता संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा राज्य एवं संघ राज्यक्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर प्रदान की जा रही है।

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ओडिशा राज्य में मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्री प्रदीप पुरोहित द्वारा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †**1095** के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

ओडिशा राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रु. में)

स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि	उपयोग की गई राशि*
2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तम्पारा का विकास	70.82	67.28	63.25

* नई वित्तीय प्रक्रिया के अनुसार सीएनए को जारी की गई राशि शामिल है

****